>

Title: Need to add more categories of works under Members of Parliament Local Area Development Scheme and increase the annual allocation of funds under this Scheme.

श्री सोनवणे प्रताप नारायणराव (धुले): माननीया अध्यक्ष महोदया, मैं आपके माध्यम से संसद का ध्यान एक महत्वपूर्ण विषय की ओर लाना चाहता हूं। सांसदों का स्थानीय क्षेत्र विकास निधि योजना एक महत्वपूर्ण योजना है। पर इस योजना के अंतर्गत निधि के वितरण के बारे में जो मार्गदर्शक तत्व सरकार ने बनाये हैं, उसके अनुसार कुछ विकास कार्य इस निधि से नहीं किये जा सकते हैं। ऐसे निम्न विकास कार्यों का समावेश मार्गदर्शक तत्वों में करने की मांग मैं करता हूं।

1. सांसदों की स्थानीय क्षेत्र विकास निधि योजना से ग्रंथालय हेतु किताबों खरीदने की अनुमति प्रदान करने की कृपा करें।

2. सांसदों के स्थानीय क्षेत्र विकास निधि से शासकीय संस्थाओं को एम्ब्यूलेंस देने की अनुमति दी जाये।

3. महोदया, केन्द्र सरकार तथा राज्य सरकार की अनेक परियोजनाओं में स्थानीय स्वायत्त संस्थाओं से धन लेना अनिवार्य किया गया है। कई बार स्थानीय स्वायत्त संस्थाएं सक्षम न होने के कारण धन नहीं दे पाती हैं तथा इस कारण लोग इन परियोजनाओं का लाभ नहीं उठा सकते हैं। इसलिए यह आवश्यक है कि इस प्रकार के धन की पूर्ति सांसदों की स्थानीय क्षेत्र विकास निधि से देने की अनुमति दी जाये।

4. दिन ब दिन संसदीय क्षेत्र के लोगों की विविध विकास कार्यों के बारे में मांग बढ़ रही है। उसी तरह दिन ब दिन बढ़ती मंहगाई और मंहगाई के कारण विकास कार्यों के लिए ज्यादा लागत लग रही है। इस चीज को ध्यान में रखते हुए स्थानीय क्षेत्र विकास निधि की रकम बढ़ाकर उसे कम से कम 5.00 करोड़ करने की कृपा करें।